इक दो तीन चार साई तेरी जय जय कार

सब का नारा है सब का प्यारा है साई राम,
साई तेरे दीवानो ने मिल के पुकारा है,
धर्मो को नेक बताये मालिक ये इक बताये,
साई पुकारे तुझे सारा संसार,
इक दो तीन चार साई तेरी जय जय कार,

सूंदर मुखड़ा है साई का करते है चर्चा,
सारे ही दुनिया है देखो जलवा साई का,
तेरे हम द्वारे आये चरणों में शीश झुकाये,
खोले है साई तन मन का तार,
इक दो तीन चार साई तेरी जय जय कार,

शिरडी वाला है जग रखवाला है,
साई के दर पे जाना है साई के ही गुण गाना है,
दर्शन को तेरे आये शरधा के पुष्प चढ़ाये,
साई को सारे भक्तो से प्यार,
इक दो तीन चार साई तेरी जय जय कार,

साई के दर आये है दामन फैलाये है,
साई जग से प्यारा है साई जग उजियारा है,
ग्यारा वचनो को निभाये जीवन को सफल बनाये,
साई करे गे सबका बेडा पार,
इक दो तीन चार साई तेरी जय जय कार,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/9717/title/ik-do-teen-chaar-sai-teri-jai-jai-kaar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |